एक नजर में

## मातृशक्ति कलश कावड़ यात्रा कल



इंदौर. सावन के पावन अवसर पर इस वर्ष भी विधानसभा क्षेत्र 3 से मातृशक्ति कलश कावड़ यात्रा का आयोजन होने जा रहा है. यह यात्रा क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है. यह दूसरा वर्ष है जब यह आयोजन इस भव्य रूप में संपन्न हो रहा है. यात्रा में 10,000 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी, जो श्रावण मास के चौथे सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगी. यात्रा का शुभारंभ इंदौर के प्रतिष्ठित गोपेश्वर महादेव मंदिर, गांधी हॉल से होगा और यह द्वद्ध कंपाउंड, खातीपुरा, कृष्णपुरा पुल, फ्रूट मार्केट, राजवाड़ा होते हुए प्राचीन जबरेश्वर महादेव मंदिर पर समापन के साथ सम्पन्न होगी. यात्रा में सम्मिलित होने के लिए 10 वार्डों से अलग-अलग बसों द्वारा मातृशक्ति को गांधी हॉल पोद्दार प्लाजा में एकत्रित किया जाएगा. प्रत्येक वार्ड में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं. साथ ही, 200 से अधिक पुरुष कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर ट्रैफिक और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं. यात्रा प्रभारी दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि अब तक 8000 से अधिक पंजीयन पूर्ण हो चुके हैं, और यह संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है. यात्रा में बैंड, झांकियां, डीजे वाहन शामिल रहेंगे और मार्ग में विभिन्न स्थानों पर व्यापारी संघों द्वारा स्वागत मंच भी लगाए जाएंगे. इस यात्रा को सफल बनाने के लिए दीपेंद्र सिंह सोलंकी,दिनेश वर्मा, आदित्य दीक्षित, आशीष शर्मा, चंद्रभान सिंह, बंटी वर्मा, रितेश विरंग, शिव वर्मा, कमल वर्मा, लोकेश मालवीय, माधुरी जायसवाल सहित सभी वार्ड पार्षद और कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हैं. यात्रा से पूर्व विधायक गोलू शुक्ला ने स्वयं यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

## सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण का रोडमैप विकसित करना ज़रूरी



इंदौर. औद्योगिक संरचना के रोडमैप के साथ मध्यप्रदेश सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण और संवर्धन का रोडमैप भी विकसित करना ज़रूरी है. पीथमपूर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ गौतम कोठारी के साथ हुई एक संगोष्ठी में उक्त विचार संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार सदस्य- डॉ भरत शर्मा में उक्त विचार व्यक्त किए. आपने कहा की मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि बहुत महत्वपूर्ण है और ऐतिहासिक, धार्मिक, साहित्यिक, संगीत एवं कला की दृष्टि से मध्यप्रदेश अत्यंत समृद्ध राज्य है. चन्देल, परमार, होल्कर, गोंड, मराठा आदि राजवंशों के शासन काल और भोजपुर, मांडू जैसे ऐतिहासिक स्थलों से समृद्ध खजुराहो के मंदिर एक विश्व धरोहर स्थल जहाँ की अद्भुत शिल्पकला, सांची स्तूप एक प्रमाण है बौद्ध धर्म की समृद्ध विरासत का, भीमबेटका की गुफाएँ हमारी प्रागैतिहासिक चित्रकला के प्रमाण है. प्रादेशिक लोकनृत्य मथिया, लीलाश्री, गढ़ा, रायनृत्य, भगोरिया आदि हो या आल्हा, फाग, निर्गुण, पंडवानी जैसे लोकगीत हमारे प्रदेश की एकांतिक संस्कृति रही है जिनका संवर्धन और संरक्षण हेतु एक रोडमैप बनाये जाना चाहिए. डॉ गौतम कोठारी जी डॉ भरत शर्मा का सम्मान स्वयंरचित पुस्तकें भेट स्मृतिचिह्न के रूप में भेट कर किया. उक्त अवसर पर उद्योगपति राकेश खंडेलवाल, सुनील पटेल, अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता, अनंत कोठारी सहित शहर के गणमान्य उद्योगपति और वरिष्ठजन उपस्थित रहें.

## लड्डू प्रसाद का किया वितरण



इंदौर. तिरुपति बालाजी स्थित मुख्य मंदिर के लड्डू प्रसाद वितरण के 310 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहर के बालाजी के भक्तों ने भी पहली बार उत्सव मनाया और संस्था शिवादीप की मेजबानी में विधायक गोलू शुक्ला एवं भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के प्रमुख आतिथ्य में उन लोगों के लिए लड्डू प्रसाद का वितरण किया, जो अब तक तिरपति बालाजी नहीं जा सके हैं. संस्था शिवादीप के प्रमुख संदीप गोयल आटो ने बताया कि दोपहर अग्रसेन चौराहा पर शंख ध्वनि की गूंज के बीच विधायक गोलू शुक्ला ने प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया. इस अवसर पर गोयल ने बताया कि सन 1715 में 2 अगस्त को तिरुपति बालाजी के मुख्य मंदिर में पहली बार यह लड्डू प्रसाद चढ़ाया गया था।.तिरुपति बालाजी के प्रति इंदौर सहित देशभर के भक्तों में जबर्दस्त आस्था है, इसलिए जो लोग तिरुपति बालाजी नहीं जा सके हैं अथवा वहां के लड्डू प्रसाद से वंचित रहे हैं, उनके लिए संस्था से जुड़े भक्त तिरुपति गए और वहां का 150 किलो प्रसाद लेकर आए, जिसका वितरण आज अग्रसेन चौराहा पर किया गया। विधायक गोलू शुक्ला ने इस सेवाकार्य की खुले मन से प्रशंसा करते हुए संस्था के पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि घर बैठे बालाजी का प्रसाद भक्तों तक पहुंचाने की सेवा सबसे बड़ी सेवा है.

## उस्ताद की याद में कुश्ती का आयोजन



इंदौर. स्व. विष्णु उस्ताद की याद में उनके बेटे युवराज काशीद (उस्ताद) और बहू स्वाति काशीद ने महाराष्ट्र के अहिल्या नगर में मध्यप्रदेश मराठी राष्ट्रीय संघ के बैनर तले कुश्ती का आयोजन करवाया. इस कुश्ती में इंदौर के पहलवानों ने तो दांव-पेंच लगाया ही, वहीं देशभर के अन्य पहलवानों ने भी पसीना बहाया. इस कुश्ती में विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा परिषद् के अध्यक्ष श्रीराम शिंदे, नितिनदास महाराज सहित अन्य राजनीतिक पदाधिकारी शामिल हुए..

## खजराना गणेश मंदिर पर आज लक्ष्मी आराधना करेंगी महिलाएं

इंदौर. चांद्रसेनीय कायस्थ प्रभु महिला (सीकेपी) मंडल के तत्वावधान में रविवार, 3 अगस्त को कुमकुमार्चन का दिव्य आयोजन खजराना गणेश मंदिर परिसर स्थित अन्न क्षेत्र के ऊपर प्रथम मंजिल पर सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। मंडल की अध्यक्ष छाया दिघे ने बताया कि मंडल से जुड़ी महिलाएं देवी लक्ष्मी एवं देवी अन्नपूर्णा की 1008 बार मंत्रों से आराधना करते हुए कुमकुम अभिषेक करेंगी और परिवार, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति और सौभाग्य की मंगल कामना से अनुष्ठान में शामिल होंगी। मंडल की महिलाएं इस अवसर पर मंदिर में भक्तों के लिए सेवा कार्य भी करेंगी।

## यादव अहीर संगठनों की बैठक आज

इंदौर. जिला यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में कुलदेवता भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में परंपरागत जुलूस एवं शोभायात्रा की तैयारियों पर विचार मंथन करने के लिए यादव अहीर समाज के सभी प्रमुख संगठनों की बैठक रविवार, 3 अगस्त को शाम 5 बजे चिमनबाग स्थित स्काउट मैदान एवं सभागृह पर रखी गई है। समिति के संरक्षक दीपू यादव एवं अध्यक्ष ओंकार यादव ने बताया कि बैठक के बाद स्नेह भोज का आयोजन भी रखा गया है. यादव अहीर संगठनों से आग्रह किया गया है कि वे इस बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझावों एवं विचारों से भी अवगत कराएं।

# इंदौर के 75,368 किसानों को 15 .07 करोड़ रुपये की सहायता

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का वितरण




**इंदौर. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का अंतरण आज शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी उत्तर प्रदेश से वर्चुअल माध्यम से किया गया. इस कार्यक्रम के माध्यम से इंदौर जिले के 75 हजार 368 पंजीकृत पात्र किसानों के बैंक खातों में 15 करोड़ 7 लाख 36 हजार रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई.**

कलेक्टर कार्यालय इंदौर में जिले का मुख्य कार्यक्रम प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य तथा सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. इस अवसर पर अनेक अधिकारी एवं कृषक मौजूद रहे. मुख्य अतिथि सिलावट ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फरवरी 2019 में आरंभ हुई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक देशभर में अब तक 3.75 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित किए जा चुके हैं. यह योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है. वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से 20वीं किस्त के रूप में देशभर के 9 करोड़ 70 लाख किसानों को लगभग 20,500 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई. मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस योजना के अंतर्गत कुल 87 लाख 93 हजार किसानों को लगभग 7,039 करोड़ की राशि प्राप्त हुई. इसी क्रम में इंदौर जिले के 75,368 पंजीकृत पात्र किसानों के बैंक खातों में 15 करोड़ 7 लाख 36 हजार रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई. जिले की सांवेर विधानसभा क्षेत्र के 35,854 किसानों को 7 करोड़ 17 लाख 8 हजार रुपये की किस्त प्राप्त हुई. कार्यक्रम का संचालन उप संचालक कृषि सी.एल. केवडा ने किया. इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि श्री संदीप यादव, अनुविभागीय कृषि एस.आर. एस्के, तहसीलदार बलवीर सिंह राजपूत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित थे.

# मेट्रो के समय में फिर परिवर्तन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर में मेट्रो रेल सेवा के संचालन में एक बार फिर समाज परिवर्तन किया गया है. समय परिवर्तन सोमवार 4 अगस्त से लागू हो जाएगा.**

इंदौर मेट्रो को यात्री नहीं मिल रहे हैं. यही कारण है कि मेट्रो को अपने समय सारणी में फेरबदल करना पड़ रहा है. सोमवार से मेट्रो रेल सुबह 10 की बजाय दोपहर 1 बजे से चलेगी. सोमवार से शनिवार तक दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक हर एक घंटे में चलाई जाएगी. इसी तरह रविवार को दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे के भी हर आधे घंटे में मेट्रो परिचालन होगा.

ध्यान रहे कि मेट्रो का शुभारंभ 31 मई को किया गया था. उस समय सुबह 8 से रात 9 बजे तक मेट्रो रेल चलाई जा रही थी. जैसे-जैसे मेट्रो में यात्री काम होते जा रहे है, वैसे वैसे मेट्रो कार्पोरेशन भी संचालन समय में परिवर्तन करता जा रहा है.

## 13 ओवरलोड पिकअप वाहनों के बनाए चालान

**इंदौर.** यातायात पुलिस ने शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाकर लोडिंग वाहनों में ओवरलोड सवारी बिठाने और बिना दस्तावेज के वाहन चलाने पर कार्रवाई की, इस दौरान 12 वाहनों के चालान बनाए गए. पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन भूटिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश द्विवेदी और डीएसपी ट्रैफिक नितिन सिंह के मार्गदर्शन में आशापुरा तिराहे पर चेकिंग की गई. यातायात पुलिस ने वाहनों का बीमा, फिटनेस, परमिट, पीयूसी और ड्राइविंग लाइसेंस सहित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की. जिन वाहनों में ओवरलोड सवारी या दस्तावेजों की कमी पाई गई, उनके खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई. साथ ही वाहन चालकों को भविष्य में लोडिंग वाहन में सवारी नहीं बिठाने की सख्त हिदायत दी गई.



## क्रांति दिवस पर सह्यनानियों के योगदान को याद किया जाएगा

**इंदौर.** भारत छोड़ो आंदोलन 9 अगस्त 1942 को याद करते हुए देश की आजादी में अपनी जान तक न्यौछावर करने वाले एवं योगदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को याद करते हुए क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता रहे है और इस वर्ष भी 8 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे रीगल तिराहा स्थित इंडियन कॉफी हाऊस में स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के उत्तराधिकारियों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाएगी.

आयोजन श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट एवं नेताजी सुभाष मंच के तत्वावधान में आयोजित होगा. उक्त जानकारी समाजसेवी मदन परमालिया एवं ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रतीक श्रीवास्तव होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल एवं विशेष अतिथि समाजसेविका श्रीमती माला ठाकुर होंगी. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद कर उन्हें नमन कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी जाएगी एवं उनके परिजन को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में सर्वश्री सतीश कर्णिक, उमेश पारीख, सुधीर सेठिया, दिनेश दूबे एवं पं. राकेश हैं. 9 अगस्त 1942 का क्रांतिकारी आंदोलन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आव्हान पर अंग्रेजो के खिलाफ करो या मरो की नीति को लेकर शुरुआत की गई, जिसमें अनगिनत भारत के सपूतों ने अपनी आहुति देकर 15 अगस्त 1947 को आजाद कराया.

# महिला से मंगलसूत्र छीनने वाले तीन बदमाश पकड़ाए

▶ घटना में प्रयोग की बाइक भी जब्त



नव भारत न्यूज

**इंदौर. गौतमपुरा थाना क्षेत्र में पूजा के लिए निकली महिला से मंगलसूत्र छीनने वाले तीन बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गए. पुलिस ने आरोपियों से करीब 25 हजार रुपए का मंगलसूत्र और घटना में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है.**

घटना गौतमपुरा क्षेत्र में एक महिला से दो बाइक सवारों ने गले का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए थे. महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. ग्रामीण एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर एएसपी महू रूपेश द्विवेदी और एसडीओपी देपालपुर संघ प्रिय सम्राट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौतमपुरा की अगुवाई में एक विशेष टीम गठित की गई.

टीम ने घटनास्थल और आसपास के करीब 60 सीसीटीवी कैमरे खंगाले. फुटेज में संदिग्ध युवक का हुलिया और कपड़े पहचान में आने के बाद पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया. पूछताछ में तीनों ने वारदात कबूल कर ली. पुलिस ने आरोपियों 23 वर्षीय कृष्णा राठौर, 22 वर्षीय अर्जुन सोमावत और 35 वर्षीय जितेंद्र चौधरी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मंगलसूत्र और पैशन प्रो मोटरसाइकिल नम्बर एमपी 10 एनएफ 5710 जब्त की. तीनों आरोपी खरगोन, उज्जैन और गौतमपुरा क्षेत्र के रहने वाले हैं. पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है.

# प्रशंसा से प्रेरणा लेना चाहिए, अहंकार नहीं

## नरसिंह वाटिका की धर्मसभा में बोले जैनाचार्य विश्वरत्न सागर




**इंदौर. प्रशंसा और मान-सम्मान हमें हमारे कर्तव्य पथ से भटका सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी प्रशंसा बहुत अच्छी लगती है, लेकिन इस प्रवृत्ति को यदि हम अपनी कमजोरी बना लेंगे तो चाटुकारों का समूह सक्रिय होकर हमें घेर लेगा. किसी भी बड़े पद पर बैठे व्यक्ति के साथ अक्सर ऐसा होता है। यहां तक कि साधु-साध्वी भी इससे बच नहीं पाते. हमारे जिन शासन के धर्मग्रंथों में भी हजारों वर्ष पूर्व स्पष्ट संकेत दिए गए हैं कि चाहे जितनी प्रशंसा सुन लो, लेकिन उसके कारण अपने आचरण से विचलन नहीं होने देना चाहिए. प्रशंसा से प्रेरणा लेना चाहिए, अहंकार नहीं.**

अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्नसागर म.सा. ने उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए. धर्मसभा का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी द्वारा रचित उत्तराध्ययन सूत्र में उल्लेखित श्लोक के वाचन से हुआ, जिसे पूरे सभा मंडप ने खड़े होकर श्रवण किया. धर्मसभा को मुनि प्रवर उत्तम रत्न सागर ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष पारसमल बोहरा, संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने सभी समाजबंधुओं की अगवानी की. धर्मसभा में महिदपुर के विधायक दिनेश जैन बोस का भी बहुमान किया गया, जिन्होंने सत्संग श्रवण का पुण्य लाभ उठाकर प.पू. जैनाचार्य से शुभाशीष प्राप्त किए. लाभार्थी परिवार एवं विधायक जैन का बहुमान संजय धारीवाल, सुनील फरबदा, शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, मोनिश खूबाजी एवं ऋषभ कोचर द्वारा किया गया.

### ग्रंथों में सदगुणों से श्रृंगारित करने के अनेक मंत्र

धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विश्वरत्न सागर ने कहा कि हमारे धर्मग्रंथ काफी समृद्ध और दूरदर्शिता से परिपूर्ण हैं। इन ग्रंथों में जीवन को सदगुणों से श्रृंगारित करने के अनेक मंत्र दिए गए हैं। न केवल गृहस्थ, बल्कि साधु-साध्वी और तीर्थंकरों के लिए भी इन ग्रंथों में एक तरह से आचार संहिता दी गई है. नरसिंह वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में रविवार 3, अगस्त को सुबह 9 बजे से धर्मसभा में जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्नसागर म.सा. की निश्रा में पाप पुण्य की अदभुत घटनाओं के वर्णन और चित्रण के साथ ही एक नृत्य नाटिका का मंचन भी होगा। अनुष्ठान में सिद्धि तप आराधना, आयम्बिल एवं अन्य साधना का उत्साहपूर्ण दौर जारी है।



## शिव भक्त सहस्रार्जुन भगवान के नाम पर महाकाल लोक में मूर्ति की हो स्थापना

**इंदौर.** श्रावण मास के पावन अवसर पर कलचुरी समाज, इंदौर की 185 महिलाओं ने डॉ. संध्या चौकसे के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 अगस्त को भक्तिभाव से ओतप्रोत महाकाल दर्शन यात्रा सम्पन्न की. छह बसों में सवार होकर श्रद्धालु महिलाएं प्रातः 9 बजे बापट चौराहा, इंदौर से उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन हेतु प्रस्थान कर महाकाल लोक पहुँचीं. वहां की दिव्य भव्यता का अनुभव करते हुए सभी श्रद्धालु महिलाओं ने महाकालेश्वर भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया. दर्शन के उपरांत सभी महिलाएं श्री गंगा होटल पहुँचीं, जहाँ सामूहिक भोजन के पश्चात भक्तिमय वातावरण में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ.

इस पावन यात्रा में उज्जैन नगर निगम की सभापति कलावती यादव जी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी श्रद्धालु महिलाओं का पुष्पवर्षा कर अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा से स्वागत किया. साथ ही समाज की वरिष्ठ महिलाओं का शॉल व दुपट्टा भेंटकर सम्मान किया गया. महापौर मनीष टटवाल एवं पार्षद श्री राजेश मेहता की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की. सभी जनप्रतिनिधियों ने इस सामाजिक एकजुटता और श्रद्धा से परिपूर्ण आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की. इस अवसर पर यात्रा की प्रमुख आयोजिका डॉ. संध्या चौकसे ने सभापति से आग्रह किया कि आगामी वर्षों में उज्जैन की कलचुरी समाज की महिलाएं भी इस पुण्य यात्रा में सहभागी बनें। साथ ही उन्होंने यह भी निवेदन किया कि श्री महाकाल मंदिर में कलचुरी समाज के आराध्य परम् शिव भक्त श्री राजराजेश्वर सहस्रार्जुन भगवान के नाम पर एक भव्य द्वार अथवा मूर्ति की स्थापना की जाए, जिससे समाज की आस्था और गौरव को स्थान मिल सके.



## ट्रैफिक रूल्स, हेल्दी लाइफस्टाइल की दी जानकारी

**इंदौर. 'नेशनल बोन एंड जॉइंट वीक' के तहत शनिवार को इंदौर शहर के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों में ट्रैफिक रूल्स, हेल्दी लाइफस्टाइल और हड्डियों की सेहत पर केंद्रित विशेष प्रेज़ेंटेशन और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम अपनाने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और हड्डियों की देखभाल के महत्व से अवगत कराना था.**

कार्यक्रम के तहत गुजराती होम्योपैथिक कॉलेज, विजय नगर में डॉ. हेमंत मंडोवरा, डॉ. लवेश अग्रवाल, डॉ. अर्जुन जैन और डॉ. अनुराग पनवेल ने छात्रों से सीधा संवाद किया. उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ड्रिंक एंड ड्राइव से बचने, मोबाइल का कम उपयोग करने और स्पीड लिमिट का पालन करने जैसे ज़रूरी ट्रैफिक नियमों के साथ-साथ हड्डियों को मज़बूत रखने के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व पर जोर दिया. आर. एन. कपूर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में डॉ. वरुण चौहान और डॉ. अनिल पांडे ने हेल्दी बोन हेल्थ और ट्रैफिक अनुशासन पर विस्तार से चर्चा की. श इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. हेमंत मंडोवरा ने कहा इस अभियान का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि युवाओं में स्थायी आदतें विकसित करना है. अगर बचपन और कॉलेज के समय से ही सुरक्षा और स्वास्थ्य को जीवन का हिस्सा बना लिया जाए, तो आने वाले समय में सड़क हादसों में कमी आएगी और हड्डियों की सेहत लंबे समय तक बनी रहेगी.

एक नजर में ▶ सतरंगी प्रदर्शनी का आयोजन

# सोने-चांदी की प्राचीन कारीगरी से सजी राजपूतानी पोशाकें



**इंदौर. राजपूत समाज की महिलाओं और ग्रामीण महिला कारीगरों की कला को आगे बढ़ाना के उद्देश्य से होटल इंफिनिटी में दो दिवसीय सतरंगी प्रदर्शनी का आयोजन की शनिवार को शुरूआत हुई.**

आयोजक चंद्रजीत जादौन ने बताया हमारा उद्देश्य समाजसेवी संस्थाओं और महिलाओं को समर्थन देना है. पुराने टाइम की पोशाकें और साड़ियों पर जो वर्क होता था जिसमें सलमा सितारा, सिल्वर और गोल्ड वर्क खास थे ये सभी चीज आज एग्जीबिशन में देखने को मिल रही है. यहां आए हुए स्टॉल्स कुछ इंदौर से हैं तो कुछ बाहर से हैं सबसे खास बात यह है कि हमारे जयपुर के ऐसे ठिकाने जहां आज भी लोग शादियों की खरीदी के लिए जाते हैं यह सभी ठिकाने एग्जीबिशन में मौजूद है. आयोजक रंजना राणावत और भावना चौहान ने बताया एग्जीबिशन सुबह 10 से रात 10 बजे तक चलेगी जहां राजस्थानी परिधान, राखी, सजावटी सामान, साड़ियाँ, जयपुरी शर्ट और फुटवियर जैसी चीजें उपलब्ध रहेंगी. अम्बे ज्वेल्स जयपुर से राहुल दोआसी हाथों से बनी सोने के ऊपर मोती की एंटीक ज्वेलरी लेके आए हैं जिसमें पोंची,बंगड़ी, गजरा, बाजूबंद, राखड़ी, आड़ला, कांचली,हाथफूल लेके आए है जिसे बनने में 15 दिन से 8 महीने तक लगते हैं. कलर्स ऑफ राजस्थान की धर्मिष्ठा राणावत पट्टे और कोटा की साड़ियां साथ हे राजस्थानी पोशाक लाई है। इनके द्वारा लाई गई शादियों और पोशाक पर असली चांदी का काम किया हुआ है।

### कमजारो वर्ग को सिखाते हैं...

वंश क्रिएशन के आशीष शर्मा चंदेरी सूट, प्योर पटोला गज़्ज़ी, लहरिया जॉर्जेट साड़ियां जिसे बेहद पसंद किया जा रहा है. विभा सिंह चौहान अपने रूहदारीज ब्रांड में लखनवी चिकनकारी के बनी साड़ियां सूट के साथ ही नए अंदाज़ में कॉर्डसेट, जंपसूट, स्पेगेटी टॉप ट्रेडिशनल के साथ मॉर्डन को ब्लेंड किया है। उन्होंने बताया कमज़ोर वर्ग के महिलाओं को चिकनकारी और हैंडवर्क का काम सिखाते हैं और उन्हें रोजगार प्रदान करते हैं।